हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 289 देहरादून, बुधवार, 15 मई 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



उत्तराखंड : कम बिजली का बिल चाहिए तो प्रीपेड मीटर लगाइए, जानें डीटेल 3

# अपनी हार निश्चित देख बौखलाए राहुल गांधी : सीएम धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने मंगलवार को आनंदपुर साहिब (रोपड़) से लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डा.सुभाष शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी हार निश्चित देख बौखला चुके हैं। कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जल्द फिर जेल में होंगे।

रोड शो के दौरान आयोजित सभा में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि देश में इस बार भाजपा की प्रचंड लहर है। एक बार पुनः मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाने का जनता ने मन बना लिया है। विपक्ष की स्थिति ये है कि मोदी का विरोध करते- करते वे देश के विरोध पर उतर चुके हैं। राहुल गांधी ने अपनी हार देख परंपरागत अमेठी सीट भी छोड़ दी है। आप पार्टी पर भी हमला बोलते हुए धामी ने कहा कि यह पार्टी जिस सिद्धान्त पर बनी थी, वो सब कुछ पीछे छोड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि दो जून के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल फिर से जेल में होंगे और शराब घोटाले में उन पर केस चलेगा। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने तेजी से विकास किया है और दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। जल्द ही भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को लागू किया जा चुका है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में भी देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक सहिंता को मोदी के नेतृत्व में जल्द पूरे देश में लागू किया जाएगा।



## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई हाउस ऑफ हिमालया की प्रथम बोर्ड मीटिंग सम्पन्न

देहरादून। उत्तराखण्ड के स्थानीय उत्पादों की प्रोसेसिंग/पैकेजिंग/ ब्रान्डिग हेतु सबसे बड़े अम्ब्रेला ब्रान्ड के रूप में उभर रहे हाउस ऑफ हिमालय के स्टोर जल्द ही नई दिल्ली के कनॉट प्लेस व अन्य मुख्य स्थानों में खोले जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। एनडीएमसी ने इस सम्बन्ध में सहमति दे दी है। हाउस ऑफ हिमालया के कार्यों को गति देने हेतु मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने हाउस ऑफ हिमालया से सम्बन्धित विभागों के साथ नियमित रूप से प्रत्येक माह समीक्षा बैठक का निर्णय लिया है। हाउस ऑफ हिमालया के तहत मांग के अनुरूप पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सीएस ने महिला स्वयं सहायता समूहों एवं स्थानीय लोगों से अधिकाधिक स्थानीय उत्पादों की खरीद सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में हाउस ऑफ हिमालया की प्रथम बोर्ड मीटिंग सम्पन्न हुई। सीएस ने बैठक के एजेण्डा पर विस्तृत चर्चा के बाद इस पर सहमति प्रदान की। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों की परियोजनाओं/पहल के माध्यम से प्रचलित उनके सभी ब्राण्ड्स को अम्ब्रेला ब्राण्ड के तहत लाए जाने, स्थानीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता, माननीकृत पैकंजिंग, ब्राण्डिंग एवं विपणन करने में हाउस ऑफ हिमालया ग्लोबल प्लेटफॉर्म साबित होगा। महिला स्वयं सहायता समूहों माध्यम से स्थानीय उत्पादों की खरीद से राज्य में महिला सशक्तीकरण का एक नया अध्याय आरम्भ होगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि राज्य स्तर पर हाउस ऑफ हिमालया के रूप में कम्पनी के गठन से स्थानीय हितधारकों, स्वयं सहायता समूहों, किसानों व स्थानीय उत्पादकों की आजीविका संवर्द्धन कर उन्हें उनकी फसलों व उत्पादों का बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। बैठक में सचिव राधिका झा, अपर सचिव श्री मनुज गोयल, निकिता खण्डेलवाल एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## जय मां गंगे के स्वर से गूंजी तीर्थनगरी

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में मंगलवार को पतित पावनी गंगा का जन्मोत्सव गंगा सप्तमी के रूप में धूमधाम से मनाया गया। त्रिवेणीघाट पर श्रद्धालुओं ने मां गंगा का दुग्धाभिषेक और पूजन किया। विशेष गंगा आरती में हर-हर गंगे, जय मां गंगे के स्वर और घंटे घड़ियालों से समूचा त्रिवेणीघाट गुंजायमान रहा। त्रिवेणीघाट में श्री गंगा सभा की ओर से गंगा सप्तमी पर सामूहिक हवन-पूजन और अन्य धार्मिक अनुष्ठान किए गए। श्रद्धालुओं ने हवन कुंड में आहुति देकर क्षेत्र और प्रदेश की खुशहाली की कामना की। हवन पूजन मुख्य पुजारी जगमोहन मिश्रा के सानिध्य में हुआ। श्रद्धालुओं ने पतित पावनी गंगा का दुग्धाभिषेक किया। दोपहर करीब 12 बजे भरत मंदिर संस्कृत विद्यालय के ऋषि कुमारों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विशेष गंगा आरती की, जिसमें श्रद्धालुओं ने मां गंगा की आरती उतारी। श्री गंगा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामकृपाल गौतम ने कहा कि धार्मिक ग्रंथों के अनुसार सबसे पहले मां गंगा भगवान ब्रह्मा के कमंडल में निवास करती थीं और वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर वे भगवान ब्रह्मा के कमंडल से निकलकर प्रवाहित हुईं थी। इसी समय से इस तिथि को गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। इसके अलावा भी आज ही के दिन गंगा अवतरण होने की अन्य कई मान्याताएं भी हैं। मौके पर श्री गंगा सभा के अध्यक्ष जगमोहन सकलानी, महामंत्री राहुल शर्मा, हर्षवर्धन शर्मा, यश अरोड़ा, अक्षित कुंदनानी, विनोद कुमार पाल, सुभाष बैरागी, विनोद अग्रवाल, राकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**गंगा स्नान को घाटों पर उमड़े श्रद्धालु :** तीर्थनगरी में मंगलवार को गंगा सप्तमी पर गंगा पूजन करने को घाट पर दूरदराज से आए श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर रही। इस दौरान गंगा घाटों पर स्नान कर श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट, नाव घाट, दत्तात्रेय घाट, साईं घाट, शत्रुघ्न घाट, दयानंद घाट, रामझूला घाट, सीता घाट आदि जगहों पर स्नान कर पूजा अर्चना की।

## उत्तराखंड : 8 जिलों में अगले 2 दिन होगी बारिश, अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


देहरादून 15 मई : मैदानी इलाकों में चटख धूप पसीने छुड़ा रहा है। वही पर्वतीय क्षेत्रों में मंडरा रहे बादल कुछ हद तक गर्मी से राहत दे रहे हैं। इन आठ जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने के आसार हैं। उत्तराखंड में इन दिनों मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण प्रदेश के तापमान में कमी आई है, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली है। जबकि मैदानी क्षेत्रों में तापमान एक बार फिर बढ़ रहा है।

देहरादून समेत प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सुबह से ही मौसम शुष्क रहा और तेज धूप खिली रही। मौसम विभाग के अनुसार, कल पहाड़ी जिलों में फिर से बारिश की संभावना है, जबकि मैदानी इलाकों में बादल छाए रहेंगे और तेज हवाएं चल सकती हैं।मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 15 और 16 मई को पर्वतीय जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी। उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पिथौरागढ़, देहरादून, बागेश्वर, और अल्मोड़ा में मौसम बदला-बदला रहेगा। डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि पहाड़ों में बारिश होने की संभावना है, जबकि मैदानी क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे और तेज हवाओं का दौर जारी रहेगा।देहरादून का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं उधम सिंह नगर का अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस था। मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री रहा। जबकि नई टिहरी का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



## उत्तराखंड : आर्मी ट्रक और बस की भीषण टक्कर, पहाड़ के सूबेदार केडी जोशी सहित 5 लोगों की मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





चम्पावत 15 मई : भोपाल में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें हमारे उत्तराखंड के एक वीर सपूत की मृत्यु हुई है और बस में सवार अन्य तीन लोगों ने भी मौके पर दम तोड़ दिया है। मध्यप्रदेश के भोपाल में एक भीषण सड़क हादसा हो गया जिसमें जनपद चम्पावत के लोहाघाट क्षेत्र के ग्राम डुंगरी (दिगालीचौड़) निवासी सूबेदार केडी जोशी शहीद हो गए। यहाँ पर सेना और ट्रक और बस की आपस में भिड़ंत हुई जिसमें पांच लोगों की मौत हुई है, इनमें से दो सेना के जवान भी थे और अन्य 10 घायलों को भोपाल हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना भोपाल-गुना हाईवे नंबर 46 पर पीलुखेड़ी के पास की है।मिली जानकारी के अनुसार बीती सुबह 10:30 बजे NH-46 पर राजगढ़ जिले के पीलूखेड़ी में ओसवाल फैक्ट्री के सामने आर्मी का ट्रक कमला बस ट्रेवल्स से टकरा गया, बताया जा रहा है कि टायर फटने से इंडियन आर्मी का ट्रक अनियंत्रित हो होकर बस से टकराया, इस हादसे में अभी तक कुल 5 लोगों की मौत हुई है। सूबेदार जोशी झांसी में तैनात थे और वे अग्निवीरों को ट्रेनिंग देने के लिए भोपाल जा रहे थे। शहीद सूबेदार जोशी के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव डूंगरी लाया जा रहा है और उनका अंतिम संस्कार पंचेश्वर घाट में किया जाएगा। सूबेदार जोशी के निधन की सूचना से परिजनों के साथ ही क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है। सूबेदार केडी जोशी अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ झांसी में रहते थे और यहां पर वे ईएमई में तैनात थे।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस


# मेंटल हेल्थ को मजबूती देने के लिए इन बातों का रखें ध्यान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : हमारे शरीर के सभी अंगो के साथ दिमाग का भी हेल्दी होना बहुत जरूरी है। यही कारण है कि आजकल मेंटल हेल्थ की बातें की जाती हैं पर प्रश्न यह है कि हम अपनी मेंटल हेल्थ के लिए क्या करते हैं , मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए आपका साथ अच्छा होना जरूरी है। डॉक्टर बताते हैं कि मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए, फिजिकल रूप से फिट रहना भी बहुत जरूरी है।

अच्छे से नींद लेना और रेगुलर एक्सरसाइज करने से हमारी मेंटल हेल्थ को मजबूती मिलती है। डॉक्टर ने बताया कि हमारे जीवन में हर एक चीज बहुत महत्वपूर्ण है। जैसे अच्छी डिग्री, अच्छी नौकरी और बड़ा प्रमोशन लेकिन हेल्थ भी जरूरी है। हमें समझना होगा कि सेहत के साथ भी हम अपने जीवन में मनचाहा मुकाम हासिल कर सकते हैं। और डॉक्टर ये भी बताते हैं कि जैसे हम फिजिकल हेल्थ का चेकअप कराते हैं ठीक उसी तरह मेंटल हेल्थ चेकअप भी बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि आप घर पर बैठे-बैठे भी अपना चेकअप कर सकते हैं।

अगर आपको लो महसूस होता है लेकिन आप एक समय के बाद ठीक हो जाते हैं मतलब आप ठीक हैं। अगर आप आत्मविश्वासी महसूस करते हैं मतलब आप ठीक हैं। आप हर बात पर तनाव और चिंता लेते हैं तो इसका मतलब है कि आप अंदर से बहुत परेशान हैं। आप कितना अकेलापन महसूस करते हैं और आपकी बातें भी आपकी मेंटल हेल्थ दिखाती हैं। मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए आपका साथ अच्छा होना जरूरी है। जैसे कोरोना वायरस से बचने के लिए जरूरी है कि हम कोविड पॉजिटिव लोगों से दूर रहे। वैसे ही मेंटल हेल्थ के लिए भी जरूरी है कि आप स्वस्थ लोगों से ही जुड़ाव रखें। गौर गौपल दास बताते हैं कि मेंटल हेल्थ को बनाए रखने के लिए फिजिकल रूप से फिट रहना भी बहुत जरूरी है। अच्छे से नींद लेना और रेगुलर एक्सरसाइज करने से हमारी मेंटल हेल्थ को मजबूती मिलती है। फूड भी एक बहुत अहम पहलू है जो आपकी मेंटल हेल्थ को बनाए रखता है। अच्छा खाना खाने से हमें उम्दा पोषण और फिर अच्छे विचार मिलते हैं।

इन सभी बातों के साथ-साथ मेंटल हेल्थ को मजबूती देने के लिए यह भी मायने रखता है कि हम क्या देख रहे हैं और क्या सुन रहे हैं। जरूरी है कि आप फोन और लैपटॉप पर जो भी देख रहे हों वो अच्छा हो, पॉजिटिव हो। शारीरिक के साथ-साथ मानसिक रूप से भी मजबूत होना भी बहुत जरूरी है और आप इन टिप्स की मदद से मानसिक रूप से भी फिट रह सकते हैं।



# हार्ट अटैक की वजह बन सकता है लगातार नाइट शिफ्ट करना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : इन दिनों काम का बढ़ता प्रेशर लगातार लोगों को कई तरह की समस्याओं का शिकार बना रहा है। काम की वजह से लोग न सिर्फ शारीरिक, बल्कि मानसिक समस्याओं की चपेट में भी आते जा रहे हैं। खासतौर पर नाइट शिफ्ट करने की वजह से इसका लोगों की सेहत पर काफी बुरा असर पड़ने लगा है। नाइट शिफ्ट में काम करने से न सिर्फ आपकी स्लीप साइकल डिस्टर्ब होती है, बल्कि इससे सेहत को भी काफी नुकसान पहुंचता है। तो चलिए जानते हैं नाइट शिफ्ट के कुछ गंभीर साइड फैक्ट्स के बारे में।

हम सभी ने हमेशा से सुना होगा कि रात में जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना हमारी सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। लेकिन नाइट शिफ्ट की वजह से कई बार हमारी नींद पूरी नहीं हो पाती है। साथ ही हमारे सोने और उठने की आदतों में भी काफी बदलाव हो जाता है। ऐसे में नींद की कमी होने लगती है, जो सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। ऑफिस की शिफ्ट का असर हमारे खानपान पर भी देखने को मिलता है। वहीं, अगर आप नाइट शिफ्ट कर रहे हैं, तो इससे आपके खाने की आदत पूरी तरह से बिगड़ जाती है। खानपान में हुई इस गड़बड़ी का असर हमारी पाचन क्रिया पर भी पड़ता है, जिसकी वजह से पाचन संबंधी कई समस्याएं जैसे कब्ज आदि का सामना करना पड़ता है।

नाइट शिफ्ट करने से व्यक्ति कई गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। दरअसल, रात में काम करने की वजह से हमारे सोने और खाने की आदतों में काफी बदलाव होने लगता है, जिसका सीधा असर हमारी सेहत पर पड़ता है। नाइट शिफ्ट की वजह से हार्ट अटैक, डायबिटीज जैसी समस्याओं का खतरा काफी बढ़ जाता है.नाइट शिफ्ट करने से न सिर्फ आपकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर असर



पड़ता है, बल्कि इसका प्रभाव आपके सामाजिक जीवन पर भी पड़ता है। दरअसल, रात में काम करने के बाद व्यक्ति दिन में ज्यादातर समय सोता रहता है, जिसकी वजह से आप सामाजिक रूप से काफी अलग-थलग होने लगते हैं।

# उम्र बढ़ने के साथ क्यों कम होने लगती है नींद, जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : मेमोरी और फोकस यानी संपूर्ण मस्तिष्क स्वास्थ्य के लिए अच्छी और गहरी नींद जरूरी है। पर क्या आप इन दिनों बिस्तर पर देर से जाने के बावजूद सुबह जल्दी उठ जाती हैं? या रात को कई बार आपकी नींद टूटती है? वास्तव में यह उम्र बढ़ने का सबसे स्वभाविक संकेत है। विभिन्न शोध और एक्सपर्ट इस पर सहमति जताते हैं कि उम्र का प्रभाव हमारी नींद पर भी पड़ता है। पर क्यों होता है ऐसा? और क्या हो सकते हैं इसके दुष्प्रभाव यह जानने के लिए आइए कुछ शोधों पर नजर डालते हैं।

कब, कितनी नींद है सामान्य

जन्म के तुरंत बाद बच्चा 24 में से 22 घंटे सोता रहता है। जैसे-जैसे वह बड़ा होता है, उसकी नींद शरीर के अनुसार, बदलती रहती है। वयस्क होने पर व्यक्ति 8-9 घंटे की नींद लेता है। ब्रेन हेल्थ के लिए नींद की भूमिका अहम है। नर्व, न्यूरो ट्रांसमीटर और ब्रेन के लिए 7-8 घंटे की बाधा रहित नींद जरूरी है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारी नींद प्रभावित होने लगती है। रात में कई घंटे तक नींद नहीं आना, रात भर नींद खुलते रहना उम्र बढ़ने के साथ महसूस होने वाली आम समस्याएं हैं।

क्या है नींद कम आने के कारण

गहरी नींद में सोना स्टेज 3 स्लीप कहलाता है। यह मसल्स और टिश्यू ग्रोथ के लिए जरूरी है। इस दौरान शरीर में सेलुलर रिपेयर भी होती है। हार्मोनल चेंज, मेडिकल कॉम्प्लिकेशन और स्ट्रेस उम्र बढ़ने पर नींद कम होने के प्रमुख कारक हैं। डिप्रेशन, एंग्जायटी, नाइट शिफ्ट में काम करने के कारण भी नींद प्रभावित हो सकते हैं। बुढ़ापे में कुछ दवाएं भी साउंड स्लीप नहीं आने देने के लिए जिम्मेदार होती हैं। इसके जेनेटिक्स भी कारण हो सकते हैं।

उम्र बढ़ने के साथ आपके शरीर का सर्केडियन सिस्टम भी प्रभावित हो जाता है।साउंड स्लीप में मददगार हो सकते हैं ये उपाय उम्र बढ़ने के साथ लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर शरीर को अधिक गहरी और आरामदायक नींद दिलाने में मदद मिल सकती है।

1- एरोबिक एक्सरसाइज करें कार्डियो वर्कआउट, जिसे एरोबिक व्यायाम भी कहा जाता है। तैराकी, बाइकिंग, जॉगिंग या या वॉकिंग कार्डियो वर्कआउट हैं। इससे अच्छी नींद आती है। अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, दुर्गा प्राणायाम, शासन भी गहरी नींद लाने में मदद करते हैं।

2 - किसी भी प्रकार के नशे को छोड़ दें यदि आप किसी प्रकार का नशा करती हैं, तो उसे तुरंत छोड़ दें। नशा हमारे न्यूरोट्रांसमीटर और नींद को प्रभावित करता है। सोने से पहले निकोटीन, कैफीन का सेवन नहीं करें।

3- स्लीप सप्लीमेंट साउंड स्लीप के लिए स्लीप सप्लीमेंट भी ट्राई कर सकती हैं। स्लीप सप्लीमेंट ट्राई करने से पहले डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है।स्लीप सप्लीमेंट ट्राई करने से पहले डॉक्टर से परामर्श लेना जरूरी है। वे व्यक्ति के द्वारा पहले से ली जा रही दवाओं के अनुसार स्लीप सप्लीमेंट प्रिसक्राइब करेंगे।


4 - गैजेट्स को न लगाएं बेडरूम में सोने के एक घंटे पहले किसी भी प्रकार की टेक्नोलॉजी से खुद को दूर कर लें। शोध से यह प्रमाणित हो चुका है कि इलेक्ट्रॉनिक गुड्स से निकलने वाली ब्लू लाइट हार्मोन को प्रभावित कर देती है. जिससे साउंड स्लीप आने में दिक्कत होती है।

# अजब-गजब : बिना वीजा और पासपोर्ट के भारत के इस रेलवे स्टेशन पर जाना है मना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : भारतीय रेलवे दुनिया की सबसे बड़े रेल नेटवर्क में शुमार है। रोजाना करोड़ों लोग रेलवे से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं। यही वजह है कि इसे भारत की लाइफ लाइन भी कहा जाता है। एशिया में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क भारत है, यहां रोजाना करीब 8 हजार ट्रेनें चलती हैं। ढ़ाई करोड़ लोग रोजाना यात्रा करते हैं, साथ ही 33 लाख टन माल की ढुलाई भी होती है। लेकिन क्या आपको पता है भारत में एक ऐसा रेलवे स्टेशन भी है जहां जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा की आवश्यकता होती है।

दरअसल, इस स्टेशन पर भारतीय पासपोर्ट के साथ पाकिस्तानी वीजा की जरुरत होती है। यहां बिना वीजा के नहीं आया जा सकता। इस रेलवे स्टेशन का नाम अटारी है जो कि पंजाब के अमृतसर जिले में स्थित है। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि ये स्टेशन भारत में है तो यहां जाने के लिए वीजा की जरुरत क्यों होती है। बता दें कि अटारी रेलवे स्टेशन है भारत का पार्ट है, पर यहां पर जाने के लिए पकिस्तान से इजाजत लेनी पड़ती है। अगर यहां पर कोई घूमता मिल जाता है तो उसे जेल भी जाना पड़




सकता है। इसके साथ ही जुर्माना भी देना पड़ सकता है। वहीं यहां पर जबरदस्ती प्रवेश करने की कोशिश करने पर फॉरेन एक्ट के सेक्शन 14 के अंतर्गत मामला दर्ज हो सकता है। दोषी पाए जाने पर जमानत मिलनी भी बहुत मुश्किल होती है।

स स्टेशन से चलने वाली एकमात्र ट्रेन समझौता एक्सप्रेस थी। केवल इसी ट्रेन के समय ही लोगों के लिए यह स्टेशन खोला जाता है। इस ट्रेन से यात्रा करने के लिए टिकट पासपोर्ट नंबर देकर मिलती है। वहीं ट्रेन के लेट होने पर भारत और पाकिस्तान के रजिस्टर में इसकी एंट्री लिखी जाती है। बता दें कि वर्तमान समय में ये स्टेशन और ट्रेन दोनों ही बंद हैं। साल 2019 में जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटने के बाद पाकिस्तान की ओर से समझौता एक्सप्रेस को भी बंद कर दिया गया था।

# उत्तराखंड : कम बिजली का बिल चाहिए तो प्रीपेड मीटर लगाइए, जानें डीटेल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 15 मई : अब उपभोक्ता साल में एक बार सामान्य से प्रीपेड और प्रीपेड से सामान्य कनेक्शन में परिवर्तन कर सकता है। जिससे प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को बिजली बिल में तीन से चार प्रतिशत की छूट मिलेगी। उत्तराखंड के बिजली उपभोक्ताओं के लिए इस साल यूपीसीएल ने दोहरा झटका दिया है। एक तरफ जहाँ यूपीसीएल ने फ्यूल चार्ज एडजस्टमेंट के नाम पर सात पैसे प्रति यूनिट तक बढ़ा दिए थे तो दूसरी तरफ लोकसभा इलेक्शन के बाद बिजली बिल की दरों में सात प्रतिशत तक की वृद्धि की गई, जिस कारण बिजली उपभोक्ताओं के लिए यह दोहरा झटका साबित हुआ।विद्युत नियामक आयोग ने प्रीपेड मीटर लगाने को लेकर ऊर्जा निगम को दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसी क्रम में ऊर्जा निगम ने आम बिजली उपभोक्ताओं से प्रीपेड मीटर लगाने के लिए विकल्प मांगे हैं। साल भर में उपभोक्ता सिर्फ एक बार ही सामान्य से प्रीपेड और प्रीपेड से सामान्य में अपना बिजली कनेक्शन बदलवा सकता है। प्रीपेड कनेक्शन लेने पर बिजली मूल्य के तुलना में सिक्योरिटी नहीं ली जाएगी, लेकिन मीटर की लागत और उपकरण सामग्री की सिक्योरिटी ली जाएगी और बीपीएल से ये सिक्योरिटी नहीं ली जाएगी। घरेलू उपभोक्ताओं के लिए ये छूट चार प्रतिशत और अन्य उपभोक्ताओं को तीन प्रतिशत छूट मिलेगी। अस्थाई कनेक्शन में किसी तरह की छूट नहीं मिलेगी।आयोग के निर्देशानुसार सभी उपभोक्ताओं से प्रीपेड मीटर के विकल्प मांगे गए हैं। प्रीपेड मीटर के अंतर्गत उपभोक्ताओं को बिजली बिलों में छूट देने का भी प्रावधान है। प्रीपेड मीटर में न्यूनतम रिचार्ज 100 रुपये और अधिकतम रिचार्ज 15 हजार का किया जा सकेगा और उपभोक्ताओं को वोल्टेज रिबेट, सरचार्ज, पावर फैक्टर सरचार्ज, अधिक भार पर पेनल्टी नहीं लगाई जाएगी। प्रीपेड मीटर लेने से पहले यदि पिछले बकाया का भुगतान नहीं किया गया, तो 20 से 50 प्रतिशत तक का बकाया पैसा समायोजित होगा।



## फुटपाथ में गाड़ियां खड़ी करने वालों पर कार्यवाही की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। चारधाम यात्रा के दौरान व्यापारियों की समस्याओं को लेकर मंगलवार को श्रीकोट व्यापार सभा ने चौकी प्रभारी से मुलाकात की। श्रीकोट चौकी प्रभारी अजय कुमार को दिये ज्ञापन में व्यापार सभा के अध्यक्ष नरेश नौटियाल, सचिव त्रिभुवन सिंह राणा, सह सचिव संतोष बुटोला ने कहा कि चारधाम यात्रा में पहुंच रहे यात्रियों को फल, पानी, दवाइयों के लिए भी रूकने नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है।

## बीएड़ में प्रवेश पाने के लिए अब 20 मई तक करें आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक और प्रवेश परीक्षा के कोर्डिनेटर प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि सत्र 2024-25 की बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रो. नौटियाल ने बताया कि सत्र 2023-2024 के स्नातक और स्नातकोत्तर, सम सेमेस्टर के मुख्य और बैक पेपर के परीक्षा फार्म 1000 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ 15 मई तक भरे जाएंगे।

## बीएड़ में प्रवेश पाने के लिए अब 20 मई तक करें आवेदन

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के परीक्षा नियंत्रक और प्रवेश परीक्षा के कोर्डिनेटर प्रो. अनिल कुमार नौटियाल ने बताया कि सत्र 2024-25 की बीएड, बीपीएड, एमएड, एमपीएड प्रवेश परीक्षा के आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 20 मई तक बढ़ा दी गई है। प्रो. नौटियाल ने बताया कि सत्र 2023-2024 के स्नातक और स्नातकोत्तर, सम सेमेस्टर के मुख्य और बैक पेपर के परीक्षा फार्म 1000 रुपये विलम्ब शुल्क के साथ 15 मई तक भरे जाएंगे।

## गुलदार के हमले से घायल सिया के परिजनों को दी मदद

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम श्रीनगर के अंतर्गत श्रीकोट गंगानाली में पिछले माह गुलदार के हमले से घायल सिया के इलाज के लिए सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर न्यास समिति द्वारा दी गई आर्थिक सहायता को एम्स पहुंचकर सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार ने परिजनों को सुपुर्द किया है। सामाजिक कार्यकर्ता संजय कुमार ने बताया कि पिछले 5 अप्रैल को घर के आंगन में टहल रही 7 वर्षीय सिया पर गुलदार ने हमला कर दिया था।

बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। डॉक्टर के अनुसार बच्ची की स्पाइनल कॉड डेमेज हो गई है तथा शरीर का निचला हिस्सा निष्क्रिय हो गया है। लगभग डेढ़ महीने आईसीयू में वेंटिलेटर पर रहने के बाद डॉक्टर ने सिया को लाइफ सपोर्टिंग के लिए वेंटिलेटर की आवश्यकता बताई। जिसकी कीमत एक लाख तीस हजार है। कहा कि परिवार की स्थिति को देखते हुए उन्होंने सिद्धपीठ धारी देवी मन्दिर समिति से गुहार लगाई। कहा कि परिवार की स्थिति को देखते हुए मन्दिर समिति ने एक लाख तीस हजार रुपये की अर्थिक सहायता दी है। जिससे सिया के लिए वेंटिलेटर मशीन उपलब्ध हो पाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### 15 मई से स्केलर के पदों की शारीरिक परीक्षाः मिश्रा

नई नई टिहरी। उत्तराखंड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की पंद्रह मई से होने वाली वन विकास निगम के स्केलर के पदों की शारीरिक दक्षता परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। मंगलवार को एडीएम केके मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों की बैठक में परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न कराने को कहा। एडीएम ने बताया कि परीक्षा के लिए जिले में कुल 6767 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। करीब 20 दिन तक जिला मुख्यालय के बौराड़ी स्टेडियम में शारीरिक दक्षता परीक्षा होगी। प्रत्येक दिन 300-300 अभ्यर्थी इसमें शामिल होंगे। एडीएम ने बताया कि परीक्षा के के लिए 4 सेक्टर और 1 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा में शामिल दौड़ के लिए चिन्हित मार्ग पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस व्यवस्था रहेगी। बैठक में एसडीएम टिहरी संदीप कुमार, कोषाधिकारी त्रिलोक रमोला, एसीएमओ डॉ. चंद्र कुमार मिश्रा, तहसीलदार राजकुमार शर्मा, राजेंद्र ममगाईं, विनोद तिवारी, यशोनंद बडथ्वाल, कोतवाली निरीक्षक योगेंद्र गुसाईं, प्रभागीय लौगिक प्रबंधक राजेंद्र मोहन नौटियाल, जिला युवा कल्याण अधिकारी पंकज तिवारी आदि मौजूद रहे।

### देवप्रयाग में दो ट्रकों की टक्कर में तीन लोग घायल

नई टिहरी। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि, मंगलवार सुबह डेढ़ बजे धौलीधार में ट्रकों की आमने-सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई। इसमें चालक भारत राणा पुत्र सागर सिंह निवासी जोशीमठ का पैर स्टेयरिंग सीट पर फंस गया। चालक को पुलिस और मौके पर मौजूद लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। उसके साथ घायल हेल्पर अनुसूया पुत्र शिवलाल नंदप्रयाग, चमोली और दूसरे ट्रक के चालक सोहन लाल पुत्र रामदास निवासी केमनु, खोलाचौरी पौडी को पुलिस ने सीएचसी बागी में भर्ती कराया।

### हाईकोर्ट की बैंच ऋषिकेश लाने का किया स्वागत

नई टिहरी। जनपद के अधिवक्ताओं ने हाईकोर्ट की बेंच ऋषिकेश में बनाने का स्वागत किया। मंगलवार को नई टिहरी के अधिवक्ताओं ने कहा कि उच्च न्यायालय नैनीताल ने सरकार की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मौखिक आदेश से हाईकोर्ट की बेंच ऋषिकेश (आईडीपीएल) मे स्थापित किए जाने का जो आदेश दिया। उसका टिहरी सहित पूरे गढ़वाल में जोरदार स्वागत हुआ है। न्यायालय का यह मौखिक आदेश वादकारियों के हितों की रक्षा करता है, इससे सुलभ व त्वरित न्याय मिल पायेगा, जिससे वादकारियों और न्यायालय के महत्वपूर्ण समय की बचत होगी साथ ही सरकार पर कोई अतरिक्त व्यय भार भी नहीं बढ़ेगा।

### अलकनंदा किनारे मिला अज्ञात शव

श्रीनगर गढ़वाल। कोतवाली श्रीनगर क्षेत्र के अंतर्गत सेंट थेरेसास कांवेंट स्कूल के पास अलकनंदा के तट पर एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव दिखने पर स्थानीय लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए मेडिकल कालेज के शवगृह में रखवाया है। श्रीनगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक होशियार सिंह पंखोली ने बताया कि मंगलवार को कांवेंट स्कूल के समीप अलकनंदा नदी के तट पर अज्ञात पुरुष का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई। शव करीब 40 से 45 साल का प्रतीत हो रहा है। उन्होंने बताया कि शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### एसएसबी श्रीनगर में दीक्षांत परेड आज


श्रीनगर गढ़वाल। केन्द्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर में बुधवार को प्रथम बुनियादी प्रशिक्षण कोर्स का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। 32 सप्ताह के गहन प्रशिक्षण के बाद एसएसबी के 119 आरक्षी प्रशिक्षु एसएसबी का अभिन्न अंग बनेंगे। एसएसबी के उपमहानिरीक्षक सुभाष चंद्र नेगी ने बताया कि दीक्षांत परेड में उत्तर प्रदेश के 50, बिहार के 32, राजस्थान के 31, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश के 2-2, जम्मू एवं कश्मीर और पश्चिम बंगाल के 1-1 कुल 119 आरक्षी परेड की सलामी लेकर राष्ट्र को समर्पित होंगे। बताया कि इस बैच में 2 स्नातकोत्तर डिग्री धारक है और 92 स्नातक डिग्री धारक हैं।

# हरिद्वार : AI की मदद से ठग लिए 1.75 लाख, भांजा बनकर किया था कॉल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 15 मई : शातिर ठगों से सावधान रहें। प्रदेश में ठगी के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। हरिद्वार में एआई की मदद से एक शख्स से 1.75 लाख की ठगी हो गई। आरोपी ने भांजा बनकर पीड़ित को फोन किया था। उसने कहा कि उसकी मां की तबीयत खराब है, और उसे पैसों की जरूरत है। मां की तबीयत खराब होने की बात सुनकर व्यक्ति का मन पसीज गया। और अपनी जमा पूंजी दे दी। बाद में सच्चाई सामने आई तो व्यक्ति के पैरों तले जमीन खिसक गई।

पीड़ित ने अब आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित लक्ष्मी प्रसाद जोशी ब्रह्मपुरी क्षेत्र में रहते हैं। पुलिस को दी गई शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। इसमें बात करने वाले व्यक्ति ने उसे अपना भांजा बताया। उसकी आवाज भी बिल्कुल भांजे से ही मिलती हुई थी।उसने कहा कि उसकी मां की तबीयत खराब है और उसे पैसों की जरूरत है। इसलिए उसने उसके खाते में एक लाख 75 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। अलग-अलग तीन नंबरों पर पैसे ट्रांसफर करने के बाद उसने जब जानकारी जुटाई तो उसे मालूम हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। अब पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





# CBSE 10th Result : रुद्रप्रयाग के कांडई गांव के शिवम ने हासिल किये 99.4%, उत्तराखंड टॉप किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




रुद्रप्रयाग 15 मई : शिवम ने 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी माता शिक्षिका हैं और पिता प्राइवेट कम्पनी में कार्यरत हैं।सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) बोर्ड ने परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं जिसमें प्रदेश के कई छात्रों ने पूरे देहरादून रीजन में अच्छा प्रदर्शन करके इसकी रैंकिंग बढ़ाई है। हाईस्कूल में ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण के श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल के छात्र शिवम शर्मा ने 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। शिवम की इस सफलता पर पूरे गैरसैंण नगर और प्रदेश में खुशी की लहर है। सभी ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

शिवम शर्मा मूल रूप से रुद्रप्रयाग जिले के कांडई गांव के रहने वाले हैं और वे अपनी माँ सीमा शर्मा के साथ गैरसैंण में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी माता सीमा शर्मा शिक्षिका हैं और गैरसैंण नगर पंचायत क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय गांवली में कार्यरत हैं। उनके पिता रोहिन शर्मा अमृतसर पंजाब में प्राइवेट कंपनी में कार्यरत हैं। शिवम की इस सफलता को लेकर शिवम के शिक्षक और परिजन काफी उत्साहित हैं।शिवम को 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं जिसमें उन्हें तीन विषय में पूरे 100 में से 100 अंक मिले हैं। शिवम ने विज्ञान, एसएसटी और कंप्यूटर तीनों विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि और सम्मान अर्जित किया है। उनके प्रधानाचार्य लक्ष्मी प्रसाद चमोला ने कहा कि शिवम एक होनहार छात्र होने के साथ ही प्रतिभावान भी हैं और वे बैडमिंटन के भी बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं।शिवम की माता सीमा शर्मा ने बताया कि वह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि का छात्र रहा है और हमेशा ही पढ़ाई में अपने विद्यालय में अव्वल आता रहा है। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने गुरुजनों को दिया है। शिवम ने बताया कि उन्हें थोड़ा डर भी था तो वहीं आत्मविश्वास भी था कि वो ये सफलता जरूर हासिल करेंगे। वो आगे चलकर आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहते हैं।

# CBSE Results : हरिद्वार की मैत्री दीक्षित ने 10वीं में 99.4 फीसदी अंक प्राप्त कर किया टॉप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हरिद्वार 15 मई : सीबीएसई बोर्ड में हरिद्वार के पब्लिक स्कूल रानीपुर की कक्षा 10 वीं की छात्रा मैत्री दीक्षित ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस बार देहरादून रीजन ने देशभर में 11वां स्थान प्राप्त किया है देहरादून रीजन में उत्तराखंड के सभी 13 और उत्तरप्रदेश के आठ जिलों के स्कूल आते हैं।

आखिरकार सीबीएसई बोर्ड के छात्र-छात्राओं का इंतजार ख़त्म हो गया है, 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों को घोषित कर दिया गया है। इस बार 10वीं का रिजल्ट 90.97 फीसदी रहा है, जिसमें अधिकतर लड़कियों ने ही बाजी मारी है। जनपद हरिद्वार के दिल्ली पब्लिक स्कूल रानीपुर की कक्षा 10वीं की छात्रा मैत्री दीक्षित ने 99.4 फीसदी अंक के साथ हरिद्वार जिले टॉप किया जबकि राज्य सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। मैत्री ने 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में कुल 500 अंक में से 497 अंक प्राप्त किए हैं।

कक्षा 10वीं की छात्रा मैत्री दीक्षित भविष्य में पढ़ाई पूरी करने के बाद सर्जन डॉक्टर बनना चाहती है। उनकी इस सफलता से परिजन काफी खुश हैं वहीं आसपास के लोग मैत्री की बधाई देने घर पहुंच रहे है। मैत्री ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता पिता को दिया है। मैत्री ने बताया की वो आकाश इंस्टीट्यूट से कोचिंग ले रही हैं और घर पर भी चार से पांच घंटे पढ़ाई करने के बाद उन्हें यह सफलता मिली है। वे आगे भी आकाश इंस्टीट्यूट से कोचिंग लेकर सर्जन डॉक्टर बनना चाहती है। उनके पिता प्रफुल्ल दीक्षित भी बेटी की इस उपलब्धि से बहुत खुश हैं।

# उत्तराखंड : पहाड़ की बेटी दीपाली ने राष्ट्रीय अंडर 14 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड मेडल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




नैनीताल 15 मई : राष्ट्रीय अंडर 14 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दीपाली ने गोल्ड मेडल अपने नाम किया है और उन्होंने कहा है कि बॉक्सिंग में वो ओलंपिक खेलना चाहती है।प्रदेश के युवा खिलाड़ी भी वर्तमान में हर एक खेल में अच्छा प्रदर्शन करके उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में नैनीताल के स्नो व्यू निवासी और एनसीएस बॉक्सिंग एकेडमी की स्टूडेंट दीपाली ने अप्रैल 2024 में नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय अंडर 14 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है और साथ ही उनका चयन इंडिया कैंप और आर्मी स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट पुणे महाराष्ट्र के लिए भी हुआ है। राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर बेंगलुरु में 13 से 27 मई 2024 तक अयोजित होगा।दीपाली के पिता वर्तमान में वन विभाग में कार्यरत हैं उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से दीपाली ने अकादमी में मुखर्जी निर्माण और अजय कुमार से बॉक्सिंग की बारीकियां सीखी। उसके बाद उन्होंने सीनियर बॉक्सर अमित वी चयनिका के साथ अभ्यास किया और स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी उपलब्धि हांसिल की है। दीपाली ने कहा कि वह बॉक्सिंग में ओलंपिक खेलना चाहती है। उनकी इस उपलब्धि पर उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव समेत सभी ने उन्हें बधाई दी और दीपाली के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संक्षिप्त खबरें

### अदवाणी के जंगलों में फिर धधकी आग

पौड़ी। मंगलवार को अदवाणी के जंगल एक बार फिर धधकने शुरू हो गए। अदवाणी के जंगलों में बेकाबू आग को बुझाने के लिए इससे पहले हैलीकाप्टर की मदद भी ली गई थी। तब इस आग पर काबू पा लिया गया था। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वप्निल अनिरुद्ध ने बताया कि अदवाणी के पास तमलांग के नामखेतों से होती हुई आग एक बार फिर आरक्षित जंगल तक पहुंच गई है। आग पर काबू पाने के लिए मौके पर टीम को भेजा गया है। वहीं दूसरी ओर पौड़ी-श्रीनगर हाईवे पर चोपड़ा गदेरे में पालिका के कूड़े के ढेर ने फिर आग पकड़ ली। दिन भर कूड़े पर लगी आग से धुंआ यहां चारों ओर फैलता रहा।

### पुलना भ्यूंडार की महिला मंगल दल ने हेमकुंड यात्रा मार्ग में नशा बंदी की मांग की

चमोली। पुलना भ्यूंडार ग्राम सभा की महिला मंगल दल ने मंगलवार को एसडीएम के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर हेमकुंड यात्रा मार्ग में नशाबंदी करने की मांग की है। आरोप लगाया कि यात्रा के दौरान पुलना से हेमकुंड तक जगह जगह दुकानों, ढाबों समेत अन्य माध्यमों से भारी तादात में शराब और अन्य नशा क्षेत्र में पहुंच रहा है। कई जगह तो खुल कर शराब बेची जा रही है। पुलिस प्रशासन की सख्ती न होने के कारण इस कारोबार में लगे लोगों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं।

### अपर जिलाधिकारी ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

चमोली। अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने मंगलवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सड़कों पर नए संवेदनशील दुर्घटना स्थलों को चिन्हित करने के लिए समिति का गठन करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि चारधाम यात्रा के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष कदम उठाए जाए। सड़क निर्माणदायी संस्थाएं अपनी सड़कों का रोजाना निरीक्षण करें। सुरक्षित यातायात के लिए संकरे मार्ग, भूस्खलन क्षेत्र और अन्य संवेदनशील स्थानों पर क्रैश बैरियर और साइनेज लगाया जाना आवश्यक है। कहा कि एसडीएम, पुलिस और परिवहन विभाग अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान की सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग करते हुए चालान की कार्रवाई की जाए।

### गैरसैण विरोधी मानसिकता को तगड़ी चुनौती देंगे राज्य आंदोलनकारी

चमोली। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने आगामी नगर निकाय और पंचायत चुनावों में स्थाई राजधानी गैरसैंण के विरोधियों को चुनोती देने का निर्णय लिया है। मीडिया को जारी बयान में चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय अध्यक्ष हरिकृष्ण भट्ट ने कहा कि पहाड़ी राज्य की अवधारणा से सरोकार रखने वाले समान विचारधारा के दलों और व्यक्तियों से सलाह मशविरा किया जाएगा। फिर चुनाव की रणनीति तय की जाएगी।

### एसपी ने पांडुकेश्वर में व्यवस्थाएं देखी

चमोली। बदरीनाथ दर्शन के लिए इस बार यात्रियों का पंजीकरण किया जा रहा है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बदरीनाथ धाम यात्रा मार्ग में पांडुकेश्वर के पास स्थित पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी गई। एसपी ने पंजीकरण रजिस्ट्र की जांच कर सभी यात्रियों और यात्रा वाहनों का सही तरीके से रिकॉर्ड रखरखाव करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर नियुक्त अधिकारियों, कर्मियों से कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं से सभ्य व्यवहार करते हुए उनकी हर सम्भव सहायता करें। एस पी ने यात्रियों से बात करते हुए यात्रा व्यवस्था पर फीड बैक भी लिया।

### सोनप्रयाग में वाहन की छत पर शराब पीने वालों को पुलिस ने सिखाया सबक

रुद्रप्रयाग। सोनप्रयाग पार्किंग में कार की छत पर बैठकर शराब पीकर हुड़दंग कर रहे युवकों को पुलिस ने सबक सिखाते हुए चालानी कार्रवाई की। साथ ही सख्त हिदायत देते हुए उन्हें सोनप्रयाग क्षेत्र से वापस भेज दिया। पुलिस ने कहा कि यात्रा मार्ग में इस तरह का अमर्यादित कृत्य कतई बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर ऐसे लोगों पर अभियोग भी पंजीकृत कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि सोमवार देर शाम को सोनप्रयाग पार्किंग में तुशार चौधरी निवासी रझी, गाजियाबाद यूपी, अभिषेक चौधरी निवासी रजापुर गाजियाबाद यूपी, दीपांशु निवासी रजापुर गाजियाबाद यूपी, राहुल निवासी सिकराव गाजियाबाद यूपी वाहन की छत में बैठकर मदिरा पान कर रहे थे। साथ ही गाली गलौच और रौब गालिब कर रहे थे। इसी बीच पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस द्वारा चौपहिया गाड़ी की छत में बैठकर शराब पी रहे युवकों से पूछताछ की। उनसे इन हरकतों की बावत पूछताछ की तो युवक उल्टा रौब गालिब करने लगे। पुलिस टीम ने शीघ्र उनके इस कृत्य को रुकवाकर, उन्हें मर्यादा का पाठ पढ़ाया। साथ ही सख्त हिदायत दी कि देवभूमि और यात्रा मार्ग में इस तरह की गतिविधि कतई बर्दास्त नहीं की जाएगी।

### पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने किए बाबा केदार के दर्शन

रुद्रप्रयाग। प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को केदारनाथ और बदरीनाथ के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर विश्व जन कल्याण की कामना की। बाबा की रुद्राभिषेक पूजा करने के बाद उन्होंने केदारनाथ में निर्माण कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि चारधाम तीर्थयात्रियों को सरल सुगम दर्शन हो तथा तीर्थयात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिले, इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज और अमृता रावत हेलीकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचने पर बदरी-केदार मंदिर समिति के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा मंत्री का स्वागत किया गया। मौके पर गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय और जिलाधिकारी डॉ सौरभ गहरवार मौजूद रहे। केदारनाथ में सतपाल महाराज ने तीर्थपुरोहितों से मुलाकात की। उन्होंने तीर्थयात्रियों के सुझावों को भी सुना। बीकेटीसी के कार्याधिकारी आरसी तिवारी ने उन्हें भगवान केदारनाथ का प्रसाद, रूद्राक्ष माला भेंट की।

# दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा की प्रचंड बहुमत से होगी विजय : मंत्री गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली 15 मई : उत्तराखण्ड के कृषि और सैनिक कल्याण मंत्री मंत्री गणेश जोशी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा के अंतर्गत दिल्ली तिमारपुर विधानसभा के मुरलीवाला कुआ सब्जी बाजार घंटाघर में संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव केजरीवाल सरकार द्वारा दिल्ली में किए गए भ्रष्टाचार पर प्रहार का है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में विश्व पटल पर भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है।

निश्चित तौर पर दिल्ली की जनता मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर मुहर लगाते हुए भाजपा को बड़े अंतर से विजय करने जा रही है।

इसके उपरांत कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रोहतास नगर विधानसभा के अशोक नगर मंडल के पहाड़ी मंदिर के डी ब्लॉक में और रामनगर मंडल के दीवान नर्सिंग होम में आयोजित सभा को भी संबोधित किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा जनता से मिल रहा अपार समर्थन इस बात का प्रमाण है कि दिल्ली वासी झूठ, तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार पर आधारित सरकार के विरुद्ध दिल्ली की जनता ने भाजपा को प्रचंड मतों से विजयी बनाने जा रही है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड में पांचों लोकसभा सीटें प्रचंड बहुमत से जीतने जा रही है। उन्होंने कहा दिल्ली की सातों लोकसभा सीटें भी भाजपा बड़े अंतर से विजय होने जा रही है।

इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद श्याम लाल, कार्यक्रम संयोजक मनोज, मुकेश वर्मा, गिरीश बलूनी, अनुराज चंदेल, ओम प्रकाश, दीपक ठाकुर, राजू बंसल,भगवान दास, मनीष, सुरेंद्र शर्मा, पंकज, अभिषेक जैन सहित कई लोग उपस्थित रहे।







# मेनका गांधी जीत की नहीं, लीड की लड़ाई लड़ रही हैं : ए के शर्मा






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

लखनऊ/सुल्तानपुर,15 ,मईयूपी सरकार के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कुड़वार के एक मैरिज लॉन में सिटिंग सांसद व बीजेपी प्रत्याशी सांसद मेनका संजय गांधी के समर्थन में बतौर मुख्य अतिथि युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि युवा भारत का भाग्य विधाता है।भाजपा सरकार युवाओं के सपने को पंख देने का काम कर रही है,उन्होंने कहा कि हम युवाओं के बल पर 2024 के लोकसभा चुनाव में इतिहास रचेंगे और युवा एक नये भारत का निर्माण करेगा। मंत्री शर्मा ने युवाओं से मेरा बूथ सबसे मजबूत की अवधारणा को साकार करने की अपील की। ऊर्जा मंत्री ने सिटिंग सांसद मेनका संजय गांधी के विकास कार्यों व उनके कार्य शैली की सराहना की।उन्होंने कहा सुल्तानपुर का सौभाग्य है कि आपको मेनका गांधी जैसी परिश्रमी व जनता के बीच में रहने वाली सांसद मिली है। यह सुलतानपुर के विकास को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। यह सुलतानपुर को यूपी का नम्बर एक जिला बनाएंगी। उन्होंने कहा सांसद मेनका गांधी जी जीत की नहीं लीड की लड़ाई लड़ रही हैं। उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बन रहा है। इसके लिए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वें पर बन रहे औद्योगिक कॉरिडोर से सुल्तानपुर के हजारों युवाओं को नौकरी मिलेगी। जिसके लिए युवाओं को तकनीकी शिक्षा भी देनी आवश्यक है। आपकी लोकप्रिय सांसद ने यह प्रण किया है कि जिले में आई.टी.आई., पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग कॉलेज खोलेंगे जायेंगे। जिससे युवाओं को रोजगार मिलने में आसानी हो और वह भी विदेशी कंपनियों के कर्मियों की तरह वेतन और सुविधाएं अपने ही घर में रहते हुए पा सकें।

मंत्री शर्मा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में 2014 के बाद बड़ा परिवर्तन देश में आया है। अब देश डिफेंस सहित हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारत जल्द ही पांचवें से दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा। वहीं वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अपने मंत्रालय का रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए बताया की आने वाले समय में 1000 करोड़ रुपए से 22 से 23000 मजरों का विद्युतीकरण कर रोशनी पहुंचाई जाएगी। उन्होंने सुल्तानपुर में विद्युत विभाग द्वारा बदले गए जर्जर तारों, ट्रांसफार्मर के उच्चीकारण और नये विद्युत पोल लगाने के हुए कार्यों की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में जिले



में 1600 से अधिक ट्रांसफार्मरों की या तो क्षमता वृद्धि की गयी है या बदले गए हैं। 21191 नये खम्बे सुल्तानपुर जिले में लगाए गए हैं, जिसमें 996 कुड़वार में लगे हैं। साथ ही 350 ट्रांसफार्मर कुड़वार में सिर्फ बदले या उच्चकृत किये गए हैं। निर्बाध एवं उच्च श्रेणी की विद्युत अपूर्ति देने के लिए 1092 किलोमीटर जार्जर तार बदला जा चुका है। जिसमें कुड़वार में ही लगभग 100 किलोमीटर तार बदला गया है। उन्होंने नगर विकास के क्षेत्र में हुए  की चर्चा करते हुए बताया की 2022-23 में सुल्तानपुर को नगर विकास मंत्रालय ने विभिन्न योजनाओं के लिए कुल 52 करोड वहीं 23 -24 में 71 करोड रुपए नगर पालिका व नगर पंचायत को दिया है। अंत में शर्मा ने कहा कि सम्मेलन में उपस्थित युवाओं को एक जुट होकर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना है। यह सुनिश्चित करना है कि एक भी मतदाता अपने मतदान केंद्र से बाहर न जाये। इसके लिए आपको बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर सभी मतदाताओं से सम्पर्क उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है और अपना बूथ सबसे मजबूत बनाना है।

ए.के. शर्मा के नगर आगमन के दौरान प्रवीण कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका सुल्तानपुर, जिलाध्यक्ष डॉ आर. ए. वर्मा के साथ बड़ी संख्या में सभासद और कार्यकर्ताओं ने मंत्री एके शर्मा का जोरदार स्वागत किया। बूथ अध्यक्ष सम्मलेन में हर्ष वर्धन सिंह प्रदेश महामंत्री,जिला कार्य समिति, लाल बहादुर मंडल अध्यक्ष, अमित सिंह मण्डल अध्यक्ष, अभिषेक सिंह मण्डल अध्यक्ष समेत हजारों की संख्या में युवा, कार्यकर्ता और स्थानीय जनता मौजूद रही।

## डाकपत्थर बैराज की अपर स्ट्रीम में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

विकासनगर। शक्ति नहर में इन दिनों मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही डाकपत्थर बैराज के गेटों की मरम्मत भी जा रही है। इसके लिए झील के पानी को डायवर्ट कर दिया गया है। झील में पानी नहीं होने के चलते हर दिन जेसीबी मशीन से बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से यहां उप खनिज निकाला जा रहा है। हालांकि बैराज के समीप डाउन स्ट्रीम में अवैध खनन की शिकायत यूजेवीएनएल की ओर से तहसील प्रशासन से की गई है। शिकायत में साफ कहा गया है कि डाउन स्ट्रीम में बड़े पैमाने पर अवैध खनन होने से बैराज को खतरा पैदा हो गया है। लेकिन अब अपर स्ट्रीम में भी धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। झील का पानी डायवर्ट किए जाने के बाद से ही हर दिन बड़ी मात्रा में उप खनिज अवैध तौर पर यमुना से निकाला जा रहा है। इससे सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है। हैरानी की बात है कि यूजेवीएनएल समेत पुलिस और तहसील प्रशासन भी बड़े पैमाने पर हो रहे उप खनिज चुगान को लेकर मौन साधे हुए है। जबकि कुछ दिन पूर्व ही यूजेवीएनएल की ओर से बैराज के डाउन स्ट्रीम में हो रहे अवैध की शिकायत एसडीएम से की गई थी। इसमें स्पष्ट बताया गया था कि उप खनिज चुगान रोका नहीं गया तो बैराज को बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा। अब अपर स्ट्रीम में हो रहे उप खनिज चुगान को लेकर यूजेवीएनएल मौन साधे हुए है।

## स्कूल में चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

विकासनगर। जस्सोवाला स्थित एक निजी स्कूल से दस्तावेजों समेत कीमती सामान चोरी होने के मामले में पुलिस ने मंगलवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने स्कूल प्रबंधक की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जस्सोवाला स्थित वीडीएम शिक्षा निकेतन स्कूल के प्रबंधक विपुल गुप्ता निवासी रामबाग हरबर्टपुर ने सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि बीते रविवार की रात चोर स्कूल की खिड़की तोड़कर कार्यालय में घुसे।

# यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर सरकार का फोकस : डॉ आर राजेश कुमार

## यात्रा मार्ग पर पहली बार श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में प्रारंभ की गई कैथ लैब

■ चार धाम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का देश भर में प्रचार में सहायक बने पीआरएसआई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 15 मई : पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया के देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सचिवालय में सचिव स्वास्थ्य डॉ आर राजेश कुमार से भेंट की। इस दौरान पीएसआरआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने उन्हें शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सचिव स्वास्थ्य ने कहा कि वर्तमान में गतिमान चारधाम यात्रा में यात्रियों की बढ़ती हुई संख्या एक चुनौती के रूप में सामने आई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष यात्रा काल में 55 वर्ष से अधिक के लगभग साढ़े सात लाख लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई थी।

इस बार हमारा लक्ष्य है कि 50 वर्ष से अधिक के लोगों की ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य जांच की जाए। उन्होंने बताया कि इस बार यात्रा रूट पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। गत वर्ष 140 डॉक्टर तैनात किए गए थे। इनमें 44 स्पेशलिस्ट चिकित्सक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गत वर्ष पहली बार यात्रा में तैनात चिकित्सकों के साथ ही पैरा मेडिकल स्टाफ को एनएचएम के माध्यम से मानदेय की व्यवस्था की गई थी। इस बार भी यह व्यवस्था जारी रखी जा रही है।

स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि चारधाम यात्रा मार्ग पर हमेशा से सुपर स्पेशलिटी सेंटर का अभाव रहा है। इसके दृष्टिगत श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में इस बार कैथ लैब शुरू कर दी गयी है। साथ ही 'यू कोट वी पे' योजना के जरिये नए सुपर स्पेशलिटी को अपनी सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कुल 11 भाषा में यात्रा संबंधी एसओपी जारी की गई है, यह एसओपी सभी राज्यों के सचिवों को भेजने के साथ ही यात्रा पर आ रहे श्रद्धालुओं को स्टाफ के माध्यम से उनकी भाषा में वितरित की जा रही है ताकि उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। इस एसओपी में क्या यात्रा के दौरान क्या करें और क्या न करें कि बारे में जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि जानकी चट्टी में पहली बार मेडिकल पॉइंट बनाया गया है। जनसंपर्क के क्षेत्र में पीएसआरआई की अहम भूमिका है।





विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी देने और जनजागरूकता में में अहम योगदान दे सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार जनपद से लेकर ब्लॉक स्तर तक किया जाए इससे इसकी न केवल सार्थकता होगी बल्कि पीएसआरआई एक ऐसा नेटवर्क भी बनेगा जिसकी पहुंच जन-जन तक होगी।

पीएसआरआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया ने स्वास्थ्य सचिव को जानकारी दी कि संगठन की देश भर में 25 शाखायें हैं और इसमें सरकारी विभागों के जनसंपर्क अधिकारियों के अतिरिक्त पब्लिक सेक्टर यूनिट आदि के कार्मिक भी जुड़े हैं। संगठन का उद्देश्य है कि आपसी सहयोग से केंद्र व राज्य सरकारों के सकारात्मक समाचारों को जन-जन तक पहुँचाये। विशेष रूप से सोशल मीडिया पर फोकस करते हुए एक सकारात्मक संदेश जनता तक पहुँचाया जाये। इस अवसर पर अनिल सती, अनिल वर्मा, संजय पांडे, जितेंद्र सिन्हा, ज्योति नेगी, मनोज सती, दिनेश कुमार, पुष्कर नेगी, प्रियांक वशिष्ठ, अमित ठाकुर, नीरज आदि उपस्थित रहे।

# कपल ने वेडिंग कार्ड पर लिखीं ऐसी शर्तें, जिसे पढ़कर भड़के लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : शादी-ब्याह तो ऐसा मौका होता है, जिसमें दूल्हा-दुल्हन अपने मन की मुरादें पूरी कर लेते हैं. चाहे शॉपिंग हो या फिर वेन्यू का चुनाव, हर चीज़ में उनकी मर्ज़ी चलती है. हालांकि शायद ही आपने कोई शादी देखी हो, जहां कपल मेहमानों पर भी अपनी मनमर्ज़ी चलाए. एक ऐसे ही जोड़े की कहानी इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है.शादी में मेहमानों को यूं तो ज्यादा से ज्यादा मान-सम्मान दिया जाता है लेकिन इस कपल ने कुछ अलग ही किया. उन्होंने शादी का कार्ड छपवाते वक्त ही उसमें शादी अटेंड करने के नियम-कानून बता डाले. आमतौर पर हम घर आए मेहमानों को कुछ नहीं कहते, भले ही उनकी कोई चीज़ खराब भी लग जाए, लेकिन यहां तो शादी का कार्ड ही अजीबोगरीब छपवा दिया गया.

शादी के कार्ड पर लिख दिए नियमएक कपल ने शादी के लिए मेहमानों को कार्ड भेजा. इस कार्ड पर उन्होंने एक-दो नहीं बल्कि ऐसी 10-15 शर्तें लिख दीं कि मेहमान भड़ गए.पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक कपल का नाम तो नहीं उजागर किया गया है लेकिन सोशल मीडिया पर शेयर किया गया उनका वेडिंग कार्ड ज़रूर चर्चा में है. इसमें कुल 15 नियम लिखे गए हैं.

ये नियम इस प्रकार हैं –ये दूल्हा-दुल्हन का खास दिन है, आपका नहीं.फोटोग्राफर के रास्ते में ना आएं.आउटफिट ब्लैक या गोल्ड है ना कि लाल, नीला, हरा और सफेद नहीं.सीटिंग अरेंजमेंट नहीं बदलें, ये किसी कारणवश बनाया है.दूल्हा और दुल्हन ने जो कह दिया, वो कह दिया.ड्रिंक करते समय संयम बरतें.प्रपोजल या बिग अनाउंसमेंट नहीं होगा.अगर बजाया जा रहा म्यूजिक पसंद नहीं आ रहा या हैंडल नहीं हो रहा तो सीधे घर जाएं. यहां जश्न है ना कि मातम.यह 99' और 2000 की तरह का इवेंट है इसलिए इसमें ट्वर्किंग होगी.तस्वीरें पोस्ट करने के लिए हैशटैग बताया गया है, वही इस्तेमाल करें.पूरी रात बैठे ना रहें.बाहर की शराब न लाएं, पकड़े जाने पर बाहर कर दिया जाएगा.पहले नियम को रेफर करें.अगर आपने शादी में पैसे नहीं दिए हैं तो ये किया जाना चाहिए था.ऊपर की ओर फिर से देखें। भड़क गए लोगसोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ये वायरल पोस्ट खूब देखा और शेयर किया जा रहा है. इन नियमों को पढ़कर सब हक्के-बक्के रह गए. ऐसा लग रहा है कि ये निमंत्रण कार्ड नहीं बल्कि कोई नियमों की किताब हो.



# चलती ट्रेन में झगड़ा हो जाए तो कौन देखेगा, आरपीएफ या जीआरपी : जानिए

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 15 मई : ट्रेन में अगर दो व्यक्तयों के बीच झगड़ा हो जाए तो सबसे अहम सवाल होता है कशिकायत कहां करें. वैसे तो जहां भी पुलसिकर्मी दिख जाएं, वहीं शिकायत कर देनी चाहिए. लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर पुलिस इसकी जांच नहीं कर सकती. हमें लगता है कि जीआरपी या आरपीएफ किसी से भी शिकायत कर दो. मगर दोनों के अधिकार अलग-अलग हैं. कानून के मुताबिक, प्रारंभिक सूचना मिलने पर जो भी पुलिस फोर्स पहले वहां पहुंचे, उसे कार्रवाई करनी होती है. लेकिन जीआरपी का अधिकार क्षेत्र अलग है और आरपीएफ का अलग. हर ट्रेन यात्री के लिए इसके बारे में जानना जरूरी है, ताकि ऐसे हालात में उसे पता हो कि शिकायत कहां करनी है। उत्तर मध्य रेलवे ने इसके बारे में विस्तार से बताया गया है. रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स या आरपीएफ भारतीय रेलवे की संपत्ति की सुरक्षा और यात्री क्षेत्र के बेहतर संरक्षण के लिए गठित की गई है. इसका काम रेलवे संपत्ति पर गैर-




कानूनी कब्जे को रोकना, इससे जुड़े मामलों की जांच करना शामिल है. रेलवे में महिलाओं के लिए निर्धारित डिब्बों में अनाधिकृत प्रवेश, रेलवे की छत पर यात्रा, अनधिकृत वेंडिंग, दलाली, आदि से संबंधित मामलों से निपटने का काम RPF का होता है. लेकिन कानून के तहत गिरफ्तारी की शक्ति जीआरपी यानि राजकीय रेलवे पुलिस के हाथों में होती है. मौजूदा समय में देश में 12 बटालियन काम कर रही हैं।

रेलवे के क्षेत्र में गश्त लगाती जीआरपीजीआरपी यानी राजकीय रेलवे पुलिस भारतीय रेलवे का पुलिस बल है. जीआरपी रेलवे के क्षेत्र में गश्त लगाती है और सुरक्षा सुनिश्चित करती है. सुरक्षा प्रदान करना और ट्रेन में हुए अपराधों की जांच करना इसके अधिकार क्षेत्र में आता है. रेल यात्रियों पर कंट्रोल, भीड़भाड़ को नियंत्रित करना, स्टेशन परिसर के भीतर वाहन यातायात को नियंत्रित करने, अपराधियों को गिरफ्तार करना आदि काम जीआरपी के अधीन होता है।

हत्या जैसा अपराध होने पर क्या होगाहत्या या ऐसा कोई गंभीर अपराध होने पर जीआरपी मामला स्थानीय पुलिस को सौंप देती है. रेलवे परिसर में अथवा चलती रेलगाड़ी में किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार सिर्फ जीआरपी को होता है. यदि आरपीएफ उस झगड़े को देख रही होती है तो उसे अगले स्टेशन पर दोनों झगड़ालू व्यक्तियों को अथवा अभियुक्त को जीआरपी के हवाले करना होगा. मोटे तौर पर जीआरपी का हर एक बड़े रेलवे स्टेशन पर एक थाना होता है जबकि आरपीएफ के सिर्फ सिक्योरिटी पोस्ट या ड्यूटी रूम होता है।

## शक्ति नहर को एक साल में दूसरी बार बंद करने पर उठाए सवाल

विकासनगर। शक्ति नहर में एक साल के भीतर दूसरी बार क्लोजर लिए जाने के मामले को लेकर यूजेवीएनएल की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किये जा रहे हैं। ऑर्गेनाइजेशन फॉर ह्यूमन राइट्स एंड एनवायरनमेंट के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को तहसील प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर क्लोजर के मामले की जांच कराने की मांग की है। तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपने पहुंचे लोगों ने कहा कि बीते साल मई माह में यूजेवीएनएल ने क्लोजर लेकर डाकपत्थर से कुल्हाल तक शक्ति नहर में मरम्मत और सफाई का कार्य कराया था। आरोप लगाया कि राष्ट्रीय महत्व की परियोजना में घटिया गुणवत्ता का कार्य कराया गया। इसमें अधिकांश स्थानों पर मरम्मत के नाम पर लीपा पोती की गई। कहा कि साइड वॉल की स्थिति क्लोजर संपन्न होने के बाद भी बहुत खराब थी।

# चारधाम में 50 साल से अधिक उम्र के यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर फोकस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। चारधाम में 50 साल से अधिक उम्र के यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस किया जाएगा। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने मंगलवार को पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों के साथ चर्चा के दौरान यह जानकारी दी। पीआरएसआई देहरादून चैप्टर के पदाधिकारियों ने इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से चारधाम यात्रा को लेकर जारी की गई एडवायजरी को पूरे देश के लोगों तक पहुंचाने में सहयोग का भरोसा दिलाया। सचिव स्वास्थ्य ने कहा कि चारधाम यात्रा में यात्रियों की बढ़ती संख्या एक चुनौती के रूप में सामने आई है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि 50 साल से अधिक उम्र के ज्यादा से ज्यादा लोगों की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा रूट पर बड़ी संख्या में डॉक्टरों की तैनाती की गई है और श्रीनगर में हार्ट रोगियों के लिए कैथ लैब भी बनाई जा रही है। उन्होंने इस दौरान पीआरएसआई के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इसका विस्तार ब्लॉक स्तर तक किया जाना चाहिए। इस अवसर पर पीएसआरआई देहरादून चैप्टर के अध्यक्ष रवि बिजारनिया, अनिल सती, अनिल वर्मा, संजय पांडे, जितेंद्र सिन्हा, ज्योति नेगी, मनोज सती, दिनेश कुमार, पुष्कर नेगी, प्रियांक वशिष्ठ, अमित ठाकुर, नीरज आदि मौजूद रहे।


# धोखाधड़ी से फ्लैट दूसरे को बेचने के आरोप में मुकदमा

देहरादून। फ्लैट की एक व्यक्ति को रजिस्ट्री करने के बाद फर्जीवाड़े से उसे दूसरे व्यक्ति को बेच दिया गया। पहले फ्लैट खरीदने वाले ने आरोपी बिल्डर समेत तीन लोगों के खिलाफ राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। एसओ राजपुर पीडी भट्ट ने बताया कि महेंद्र सिंह रावत निवासी ग्रीन व्यू अपार्टमेंट, सहस्त्रधारा रोड ने तहरीर दी। बताया कि अभिनव अरुण कुमार सिन्हा निवासी गंगोत्री विहार और अलीशा सिन्हा पत्नी अंकुल भल्ला निवासी गंगोत्री विहार कैनाल मिलकर धोरणखास में फ्लैटों का निर्माण कर रहे हैं। पीड़ित ने कहा कि उन्होंने द्वितीय तल स्थित फ्लैट संख्या 102 को 21 सितंबर 2021 को खरीदा था। इसका विक्रय पत्र उनके नाम पर दर्ज है। आरोप है कि फ्लैट में कुछ काम होना शेष था। उसकी एक चाबी अभिनव अरुण कुमार के पास थी। वह कुछ काम करवा रहे थे। आरोप है कि इस बीच बीते वर्ष आरोपियों ने फ्लैट का लॉक, उसका नंबर बदलकर कविता सिन्हा के नाम फर्जी पॉवर ऑटर्नी बनाकर किसी अन्य को रजिस्ट्री कर दी। इसका पता पीड़िता को लगा तो उन्होंने आरोपियों से बात की। आरोपियों न तो फ्लैट दिया और न रकम वापस की। एसओ पीडी भट्ट ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# व्यापारियों पर कर का बोझ कम करे निगम'

देहरादून। महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ ने नगर निगम से व्यावसायिक कर की दरों को कम करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों पर पहले ही विभिन्न कर लगे हैं। इससे उनकी आर्थिक स्थिति खराब हो रही है। प्रकोष्ठ की मंगलवार को हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जब पहले ही नगर निगम भवन कर ले रहा है तो व्यावसायिक कर का क्या औचित्य। व्यावसायिक कर की दरें अत्यधिक होने के कारण व्यापारी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम इस टैक्स को कम करे और दो या तीन किश्तों में जमा करने के निर्देश दे। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनिल बांगा ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद से कारोबार वैसे ही कम है, उसपर ई मार्केटिंग ने व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने नगर निगम से शीघ्र व्यावसायिक कर को माफ करने या उसकी दरों को कम करने की मांग की है। मौके पर सुरेश गुप्ता, मनोज कुमार, राजेश मित्तल, राजवंशी छाबड़ा, राम कपूर, अजीत सिंह, चमन लाल, प्रवीण बांगा, राजेंद्र सिंह नेगी, विजय, मनोज कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

## संपादकीय



# मुद्रास्फीति के विरोधाभासी रुख

एक मुद्रास्फीति कम हुई है, तो दूसरी महंगाई दर बढ़ी है। आप अचंभित न हों, क्योंकि महंगाई हमारे जीवन का अंतरंग हिस्सा बन गई है। सरकार मानने को तैयार नहीं है, जबकि भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) चिंतित है। अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति में मामूली गिरावट आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर 4.83 फीसदी है, जो बीती मार्च में 4.85 फीसदी थी। हालांकि यह दर 11 माह के दौरान सबसे कम मुद्रास्फीति है। इसी दौरान खाने-पीने की वस्तुओं, अनाज, फल, सब्जियों, मांस-मछली आदि की खुदरा महंगाई दर बढ़ कर 8.70 फीसदी हो गई है। मार्च में यह 8.52 फीसदी थी। भारत सरकार ने रिजर्व बैंक को लक्ष्य दिया है कि मुद्रास्फीति 4 फीसदी रहनी चाहिए। उसमें अधिकतम 2 फीसदी की बढ़-घट हो सकती है। खुदरा मुद्रास्फीति सबसे कम है, लेकिन 4 फीसदी से अधिक है। अनाज की कीमतों में 8.63 फीसदी, फलों में 5.22 फीसदी, मांस-मछली में 8.17 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है, जबकि अंडे, दालों, सब्जियों और मसालों की कीमतें कुछ कम हुई हैं। ये आंकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के हैं, जो मुद्रास्फीति की सरकारी स्थितियों का खुलासा करते हैं। अलबत्ता खुले और बेलगाम बाजार की कीमतें कुछ और ही होंगी, लिहाजा मुद्रास्फीति उन्हीं के मुताबिक तय होगी। कुछ सर्वेक्षणों में 22 अर्थशास्त्रियों ने अप्रैल माह में खुदरा महंगाई के 4.87 फीसदी पर स्थिर रहने का अनुमान जताया था। उनका कहना था कि मार्च के बाद से खाद्य पदार्थों की कीमतों पर दबाव बढ़ रहा है, जो काफी हद तक मौसमी है। क्रिसिल ने अपनी रपट में कहा है कि भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, जून तक तापमान सामान्य से ऊपर रहने की संभावनाएं हैं, जिसका असर सब्जियों के उत्पादन पर पड़ेगा। नतीजतन अगले कुछ माह तक सब्जियां महंगी रह सकती हैं। दिलचस्प है कि देश में लोकसभा चुनाव जारी हैं। औसतन हर सर्वेक्षण में बेरोजगारी के बाद महंगाई दूसरा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा रहा है। मतदाता भी सडक़ों पर आंदोलित दिखाई दिए हैं। देश के औसत और कामगार तबके में, महंगाई के कारण, रोष भी दिखाई दिया है, लेकिन महंगाई चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया है। हालांकि इस साल अच्छी बारिश होने की संभावनाएं और अपेक्षाएं हैं। मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून को 'सामान्य से ऊपर' आंका है। यदि ऐसा हुआ, तो कृषि-उत्पादन बेहतर होगा और कीमतें नियंत्रण में रह सकेंगी। गैर-खाद्य वर्ग में मुद्रास्फीति कपड़ा, जूते, घरेलू वस्तुओं, सेवाएं, मनोरंजन आदि वर्गों के मातहत रहती है। खाद्य मुद्रास्फीति से जुड़ी अनिश्चितताओं का एमपीसी पर भारी प्रभाव पड़ता है। खाद्य मुद्रास्फीति कई महीनों से 8 फीसदी से ऊपर चल रही है। एमपीसी की पिछली बैठक के बाद रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की टिप्पणी थी-एमपीसी को हर दम चौकस और जागरूक रहना चाहिए, क्योंकि खाद्य कीमतों की अनिश्चितताएं चुनौती देती रहती हैं। बहरहाल विश्व के प्रमुख विकसित देशों के केंद्रीय बैंकों ने दरों में कटौती आरंभ करनी है। हालांकि कुछ घटनाएं इस संभावना की ओर संकेत करती हैं कि इन देशों की नीतियों में विचलन हो सकता है। अमरीकी फेडरल रिजर्व की मार्च में हुई बैठक में पाया गया कि मुद्रास्फीति के मोर्चे पर प्रगति का अभाव है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 3.2 फीसदी से बढक़र 3.5 फीसदी हो गया। मंथन किया गया कि दरों में कटौती कब और कितनी करनी चाहिए। यह हमारे रिजर्व बैंक की एमपीसी की भी चिंता है। रिजर्व बैंक ने 2024-25 में 4.5 फीसदी मुद्रास्फीति का आकलन किया है, लेकिन खाद्य कीमतों में पर्याप्त अनिश्चितता रहेगी, एमपीसी ने यह अनुमान भी लगाया है।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक : मौ.सलीम सैफी** न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002

**RNI No. :** UTTHIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com

**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

# दून वैली इंटरनेशनल के विद्यार्थियों का अच्छा प्रदर्शन

देहरादून। सीबीएसई के क्लास 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणामों में दून वैली इंटरनेशनल स्कूल ठाकुरपुर प्रेमनगर और लांघा रोड़ कैंपस के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रेमनगर कैंपस में 10 वीं के छह विद्यार्थियों और 12 वीं के पाच विद्यार्थियों ने 90 परसेंट से ऊपर अंक हासिल किये। 10 वीं में मुस्कान 94.4 प्रतिशत तथा 12 वीं में अदिति पुरोहित 93 प्रतिशत अंकों से साथ अव्वल रहें। जबकि डीवीआईएस के लांघा कैंपस में 10 वीं में शौर्य सिंघल 94.4 प्रतिशत तथा 12 वीं में सिया चंदेल 85 प्रतिशत अंकों के सर्वोच्च स्थान पर रहें। संस्थान के निदेशक डा. संजय चौधरी ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर दोनों कैंपस के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों को बधाई दी है।

# यात्रा प्रबंधन में पूरी तरह फेल रही सरकार : यशपाल आर्य

देहरादून। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने आरोप लगाया कि चार धाम यात्रा के शुरुआती दिनों में व्यवस्था धराशाई हो गयी है। यात्रा के शुरुआती पड़ाव हरिद्वार-ऋषिकेश से लेकर धामों तक हर तरफ अव्यवस्था फैली हुई है। आर्य ने बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार का ध्यान यात्रियों की संख्या पर है, लेकिन इसके लिए व्यवस्था बनाने के लिए कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं। चारों धाम उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित हैं, यहां सुगम और सुरक्षित यात्रा के लिए प्रबंध जरूरी हैं। यशपाल आर्य ने कहा कि केदारनाथ जैसी जगह पर क्षमता से अधिक यात्रियों के पहुंचने से उन्हें खुले में रात बितानी पड़ रही है। हर दिन धामों में यात्रियों के निधन की खबर आ रही है। यात्रा अव्यवस्था से उत्तराखंड की छवि भी खराब हो रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सड़कों की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण हर जगह जाम की स्थिति बन रही है। जो दूरी पहले दो घंटे में तय की जाती थी उसे पूरा करने में आठ- आठ घंटे लग रहे हैं। इससे स्थानीय निवासियों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। आर्य के मुताबिक केदारनाथ और बदरीनाथ में पहले ही दिन स्थानीय निवासियों के विरोध प्रर्दशन ने सिद्व कर दिया है कि, सरकार स्थानीय निवासियों के हितों को भी सुरक्षित नहीं कर पा रही है।

# सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो हर नागरिक

देहरादून। पद्मश्री डॉ. बीकेएस संजय और इंडिया एवं इंटरनेशल बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर डॉ. गौरव संजय की ओर से 8वें संयुक्त राष्ट्र वैश्विक सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में पद्मश्री डॉ. बीकेएस संजय ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि हर साल भारत में पांच लाख दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोगों की मौत होती है। देश में सड़क हादसों ने महामारी का रूप ले लिया है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन कर सड़क हादसों को कम किया जा रहा है। कहा कि ज्यादातर हादसे वाहन चालक की लापरवाही के कारण होते हैं। कहा कि वे 2001 से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस बार भी पिछले सप्ताह से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# नगर पालिका कर्मचारियों ने की गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग

देहरादून। अखिल भारतीय मजदूर परिषद ने नगर पालिका कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने की मांग की है। इसे लेकर परिषद ने मंगलवार को मसूरी एसडीएम के माध्यम से शहरी विकास निदेशक को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि गत वर्ष गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू की गई थी, जिसे बीच में रोक दिया गया। ऐसे में नगर पालिका के कर्मचारियों के गोल्डन कार्ड नहीं बन पाए हैं। बीमारी की स्थिति में उन्हें इलाज करवाने में आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ता है। परिषद ने मोहल्ला स्वच्छता समिति से ठेका प्रथा में रखे कर्मियों को बहाल करने की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री की घोषणा को शीघ्र लागू करते हुए स्वच्छता समिति और आउटसोर्स पर्यावरण मित्रों का मानदेय प्रतिदिन पांच सौ रुपये करने, नगर पालिका में कार्यरत संविदा कर्मियों का बीमा और ईएसआई की सुविधा देने की मांग की। मजदूर परिषद ने आंबेडकर चौक पर लगी बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में कृष्णा मोदियाल, सुदर्शन, सीमा, सुनीता, सविता, मीनाक्षी, विजय दिलोहर समेत अन्य मौजूद रहे।

## भरसार विवि में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

देहरादून। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जून है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो परविन्दर कौशल ने बताया कि इच्छुक छात्र https://vcsguuhf.org/Home_Web/registration.html पर पंजीकरण कर, अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर छात्र- छात्राएं विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपनी रैंक के अनुसार प्रवेश प्राप्त करते हैं।

# एसडीएम को ज्ञापन देकर वोटर लिस्ट से नाम न काटने की मांग की

देहरादून। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को मसूरी में एसडीएम को ज्ञापन देकर वोटर लिस्ट से नाम न काटने की मांग की है। उन्होंने मतदाताओं के नाम पर की गई आपत्तियों को खारिज करने की मांग की है। एसडीएम को दिए ज्ञापन में कहा गया कि निकाय मतदाता सूची को लेकर एक ही व्यक्ति ने कई आपत्तियां की हैं। कांग्रेस का आरोप है कि व्यक्ति विशेष की ओर से राजनीति से प्रेरित होकर आपत्तियां लगाई गई हैं। अगर इन आपत्तियों पर नाम काटे जाते हैं इसका सीधा लाभ विशेष प्रत्याशी को मिलेगा। मांग की गई है कि ऐसी राजनीति से प्रेरित आपत्तियों पर सुनवाई न की जाए और नामावली में दर्ज नामों को यथावत रखें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति मसूरी में छह माह से अधिक समय से रह रहा है, उसका नाम इस नामावली में यथावत रखा जाना न्यायोचित है। पूर्व में भी इसी तरह की आपत्तियां दर्ज की गई थीं, लेकिन जब सुनवाई हुई तो आपत्ति करने वाले सुनवाई में पहुंचे ही नहीं। एसडीएम को ज्ञापन देने वालों में एजाज अहमद, महिमानंद, मेघ सिंह कंडारी, राजेश मल्ल, दिनेश सेमवाल, जय प्रकाश राणा मौजूद रहे।

# प्रवेश की आयु सीमा में छूट का शासनादेश भेदभावपूर्ण

देहरादून। प्राथमिक शिक्षक संघ ने कहा है कि कक्षा में कक्षा एक में प्रवेश के लिए आयु सीमा में छूट दिए जाने को लेकर जारी शासनादेश राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के साथ भेदभाव कर रहा है। इसका लाभ सिर्फ पब्लिक स्कूलों को मिलेगा।उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय तदर्थ समिति के पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि यदि आयु सीमा में शिथिलता प्रदान करते हुए इसे पूर्व की भांति पांच वर्ष नहीं किया गया तो प्रदेश के राजकीय प्राथमिक विद्यालयो में ताले लटकने की नौबत आ जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन की मांग का संज्ञान लेते हुए विभाग ने अब संशोधित शासनादेश तो जारी कर दिया है। परंतु इसमें आयु सीमा में छूट हेतु केवल नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी में अध्यनरत बच्चों को ही दी गई है। तिवारी ने कहा कि इस आदेश से सीधे-सीधे प्राइवेट स्कूलों को ही लाभ मिलेगा। क्योंकि राजकीय विद्यालय में उक्त कक्षाएं संचालित नहीं होती हैं। इस आदेश में यदि आंगनवाड़ी, बाल वाटिका का उल्लेख होता तो प्रवेश की कमी से जूझ रहे राजकीय विद्यालय में भी छात्र नामांकन में अपेक्षित सुधार हो पाता।

# क्रिकेट में मोनाल सदन की आठ विकेट से जीत

देहरादून। द हैरिटेज स्कूल की ओर से मंगलवार को आयोजित 17वां रोहिताश सिंह मेमोरियल अंतर सदनीय जूनियर ब्वॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में मोनाल सदन ने शिवालिक सदन को आठ विकेट से शिकस्त दी। स्कूल परिसर में चेयरमैन चौधरी अवधेश कुमार, प्रधानाचार्य डा. अंजू त्यागी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन मैच मोनाल सदन और शिवालिक सदन के बीच खेला गया।

# एसएसपी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में महिला संबंधी अपराधों के प्रति पौड़ी पुलिस है सजग


न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 15 मई : स्थानीय निवासी कोटद्वार द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी कि अभिषेक पाल द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री उम्र-16 वर्ष के साथ मारपीट कर जबरदस्ती दुष्कर्म किया है। प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली कोटद्वार पर मु0अ0सं0-130/2024, धारा-376 भादवि व 5(J) (11)/6 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना महिला उपनिरीक्षक रचना के सुपुर्द की गयी।प्रकरण नाबालिग युवती से संबंधित होने के कारण वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा अभियुक्त को शीघ्र गिरफ्तार करने के लिए प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार को टीम गठित करने हेतु निर्देशित किया गया।निर्गत निर्देशों के क्रम में पुलिस टीम द्वारा कुशल सुरागरसी पतारसी कर अभियोग उपरोक्त में नामजद अभियुक्त अभिषेक पाल को कोटद्वार क्षेत्र से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

नाम पता अभियुक्त

अभिषेक पाल (उम्र-23 वर्ष) पुत्र जानकी प्रसाद, निवासी-मानपुर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल। पंजीकृत अभियोगमु0अ0सं0-130/2024, धारा 376 भादवि व 5(J) (II)/6 पॉक्सो एक्ट

पुलिस टीम1. महिला उपनिरीक्षक रचना2. मुख्य आरक्षी 138 ना0पु0 करण कुमार 3. आरक्षी 53 ना0पु0 गौरव यादव




# लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में पौड़ी पुलिस का "नशा मुक्ति जागरूकता अभियान" लगातार जारी






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

पौड़ी 15 मई : एसएसपी लोकेश्वर सिंह द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत नशा तस्करों की धरपकड़ करने और नशे के चंगुल में फंसे युवाओं को चिन्हित करते हुए उनकी मेडिकल टीम/साइकोलॉजिस्ट के साथ मिलकर काउंसलिंग कर नशे के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है।निर्गत निर्देशों क्रम में सीआईयू, कोटद्वार पुलिस टीम व डॉ0 अभिषेक जैन द्वारा थाना कोटद्वार क्षेत्रान्तर्गत नशे के आदी हो चुके 85 लोगों को पुलिस द्वारा चिन्हित किया गया है जिनमें से लगभग 15 युवक जो नशा छोड़ने हेतु संकल्पित है इन युवाओं को नशे की लत छुड़वाने के उपायों व नशे के दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देकर काउंसलिंग करायी गयी। साथ ही बताया गया कि मादक पदार्थों की आदत ना केवल आदी व्यक्ति को ही प्रभावित करती है अपितु परिवार व समाज को भी बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। मादक पदार्थो के सेवन से व्यक्ति में शारिरिक, मानसिक व सामाजिक विकृतियां पैदा होती है व नशे के प्रभाव से समाज में अपराधों में भी वृद्धि होती है। उक्त कांउसलिंग में सी.आई.यू प्रभारी उ0नि0 कमलेश शर्मा, उ0नि0 विनोद कुमार, आरक्षी हरीश,आरक्षी उतम व अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे। जनपद पौड़ी गढ़वाल पुलिस द्वारा नशे की प्रवृत्ति की रोकथाम हेतु समय-समय पर जागरूकता अभियान व कांउन्सलिंग लगातार जारी है।

# अखंड पाठ और अमृतवाणी से संगत हुई निहाल

ऋषिकेश। श्री सुखमणि साहिब गुरुद्वारा श्री सिंह सभा ऋषिकेश में तीन दिवसीय प्रकाश पर्व का आगाज मंगलवार को हुआ। पहले दिन अखंड पाठ और अमृतवाणी से संगत निहाल हुई। ऋषिकेश के रेलवे रोड स्थित श्री सुखमणि साहिब गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में तीन दिवसीय प्रकाश पर्व शुरू हुआ। पहले दिन सुबह 7 बजे से 11 बजे तक गुरुद्वारे में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। जिसमे अखंड पाठ हुआ। इसके साथ ही हजूरी रागी जत्था सरबजीत सिंह रागी व जसकर्ण सिंह पटियाला वाले और कथा वाचक ज्ञानी मनदीप सिंह मनदीप ने अपनी अमृतवाणी से संगत को निहाल किया। शबध कीर्तन में श्रद्धालुओं ने आनंद उठाया। श्रद्धालुओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष माथा टेका। मुख्य सेवादार गगनदीप सिंह बेदी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरु अंगददेव साहिब, गुरु अमरदास साहिब, गुरु अर्जुन देव साहिब, गुरु तेग बहादुर साहिब का प्रकाश पर्व बड़ी धूम धाम के साथ मनाया जा रहा है।

# कराटे चैंपियनशिप में जुटेंगे 10 राज्यों के 600 खिलाड़ी

ऋषिकेश। उत्तराखंड कराटे एकेडमी और एडिशन स्तोकान स्पोर्ट्स फेडरेशन इंडिया की ओर से ऋषिकेश में सेकेंड नार्थ इंडिया करारे चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें देश के 10 राज्यों से 600 खिलाड़ी जुटेंगे। प्रतियोगिता में अव्वल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को इंडो-नेपाल चैंपियनशिप में जाने का मौका भी मिलेगा। मंगलवार को ऋषिकेश प्रेस क्लब में उत्तराखंड करारे एकेडमी के महासचिव राजेंद्र गुप्ता ने आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 18 मई की सुबह 11 बजे से दूनमार्ग स्थित वैडिंग प्वाइंट में चैंपियनशिप आयोजित होगी। पहले दिन जूनियर और सीनियर कटेगिरी की कुमीते होगी, जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक एवं कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल करेंगे। अगले सब जूनियर के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट शामिल होंगे। विजेता खिलाड़ियों को एसपी देहात देहरादून लोकजीत सिंह सम्मानित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### गैरसैंण में हाईकोर्ट की बैंच के समर्थन में उतरा उक्रांद

देहरादून। गैरसैंण में हाईकोर्ट की बैंच ले जाने की मांग का उत्तराखंड क्रांति दल ने भी समर्थन किया है। उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने मंगलवार को कहा कि हाईकोर्ट की बैंच बना कर स्थाई राजधानी की दिशा में सरकार आगे बढ़े। आम जन की इस मुहिम का उक्रांद की ओर से भी पुरजोर समर्थन देने का ऐलान किया। उक्रांद अध्यक्ष कठैत ने कहा कि गैरसैंण उत्तराखंड की अस्मिता का सवाल है। गैरसैंण उत्तराखंड के सम्मान का प्रश्न है। ऐसे में गैरसैंण समेत पूरे पहाड़ का विकास सुनिश्चित हुए बिना उत्तराखंड गठन का मूल प्रश्न कभी हल नहीं हो सकता। कहा कि गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाना ही होगा। जब तक गैरसैंण उत्तराखंड की स्थाई राजधानी के रूप में स्थापित हो, सरकार तब तक हाईकोर्ट की बैंच को वहां स्थापित करे। भराड़ीसैंण में बनाए गए विधानभवन का स्थाई बैंच के रूप में इस्तेमाल किया जाए। इस बीच गैरसैंण के आस पास ही हाईकोर्ट की बैंच के लिए भूमि चिन्हित कर निर्माण किया जाए। ताकि जब गैरसैंण को स्थाई राजधानी बनाया जाए, उस दौरान हाईकोर्ट की बैंच अपने नए भवन में स्थापित हो सके। कहा कि गैरसैंण एक ऐसा विषय है, जो पूरे राज्य को एकसूत्र में जोड़ता है। अस्कोट से आराकोट तक पूरा उत्तराखंड गैरसैंण के नाम पर एकजुट है। इसीलिए गैरसैंण की उपेक्षा को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। गैरसैंण का विकास सुनिश्चित कराने को हाईकोर्ट की बैंच को गैरसैंण में स्थापित करने को चलाए जाने वाली मुहिम को आगे बढ़ाया जाएगा।

**आंदोलनकारी संगठनों ने भी गैरसैंण का किया समर्थन :** उत्तराखंड आंदोलनकारी मंच ने भी गैरसैंण में हाईकोर्ट की बैंच की स्थापना किए जाने का समर्थन किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप कुकरेती ने कहा कि गैरसैंण का विकास सुनिश्चित कराने वाली हर मुहिम का समर्थन किया जाएगा। हाईकोर्ट की बैंच गैरसैंण में स्थापित होने से आस पास के पूरे क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा। गतिविधियां तेजी से बढ़ेंगी। आधारभूत ढांचा मजबूत होगा।

### गढ़ी कैंट बाजार में बीमारी फैलने का खतरा

देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेंद्र पाल सिंह ने मंगलवार को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी अभिनव कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गढ़ी कैंट बाजार में गंदगी से बीमारियां फैलने का खतरा बताते हुए सफाई की मांग की। भाजपा नेता देवेंद्र पाल सिंह ने मुख्य अधिशासी अधिकारी को बताया कि गढ़ी कैंट से टपकेश्वर चौक तक कि नाली बहुत खराब स्थिति है। जगह जगह से बंद पड़ी नाली से अब दुर्गंध आ रही है। बरसात में जलभराव की स्तिथि उत्पन्न हो जाती है। देवेंद्र पाल सिंह ने उक्त नाली के पुनःनिर्माण की मांग की। साथ ही उन्होने गढ़ी कैंट के मुख्य बाजार से डोर टू डोर कूड़ा न उठाये जाने के संदर्भ में मुख्य अधिशासी अधिकारी से चर्चा की। देवेंद्र पाल सिंह ने मुख्य अधिशासी अधिकारी से मांग की डेंगू के रोकथाम के लिए गढ़ी डाकरा में अभी से फॉगिंग और कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कार्य प्रारंभ किया जाए।मुख्य अधिशासी अधिकारी ने कनिष्ठ अभियंता (निर्माण) नवनीत क्षेत्री को नाली बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सेनेटरी इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार को भी क्षेत्र से सौ प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा उठाने और गढ़ी डाकरा में फॉगिंग करने के निर्देश दिए।

### गौलापार हल्द्वानी में ही स्थापित हो हाईकोर्ट की फुल बैंच : कोश्यारी

देहरादून। महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को पत्र लिखकर नैनीताल हाईकोर्ट की फुल बैंच हल्द्वानी गौलापार में ही स्थापित करने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि कौन सी संस्था व विभाग कहां रहे इसका निर्णय विधान मंडल ही करते आए हैं। यदि न्यायालय इस संबंध में फैसला करने लगे तो पीआईएल कर्ता कल को किसी भी विभाग, जिला, तहसील आदि की मांग को लेकर न्यायालय पहुंच जाएंगे और इससे संविधान द्वारा सरकारों को दिए गए अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप की संभावना बढ़ जाएगी। उन्होंने न्यायालय का पूरा सम्मान करते हुए कहा है कि नैनीताल हाईकोर्ट ने भी पूर्व में हाईकोर्ट की फुल बैंच गौलापार स्थापित करने पर सहमति दी है। जबकि राज्य सरकार भी इस पर सहमत है और इसके लिए 26 बीघा जमीन भी चिह्नित की गई है। कोश्यारी ने कहा कि अब अन्यत्र स्थान चिह्नित किए जाने से इस क्षेत्र में असंतोष फैलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। कोश्यारी ने लिखा है कि गौलापार हाईकोर्ट बन जाने से चिकित्सा की समस्या भी दूर हो जाएगी और पंतनगर एयरपोर्ट नजदीक होने से आवाजाही की समस्या का भी समाधान हो जाएगा।

**क्षेत्रीय संतुलन के आधार पर हुई थी हाईकोर्ट की स्थापना :** कोश्यारी ने पत्र में कहा कि राज्य गठन के समय विस्तृत विचार विमर्श के बाद देहरादून को तात्कालिक राजधानी एवं नैनीताल में उच्च न्यायालय बनाने का निर्णय लिया गया। नैनीताल में अंग्रेजों के समय से ही राजभवन व सचिवालय आदि बनाए गए हैं और यूपी की यह ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में प्रयुक्त होता रहा। उन्होंने कहा कि नैनीताल को राज्य की राजधानी बनाने से मंत्रियों व विशिष्ट जनों की अधिकता से स्थानीय पर्यटन व जनजीवन पर असर पड़ सकता था। ऐसे में क्षेत्रीय संतुलन को ध्यान में रखकर हाईकोर्ट की स्थापना वहां पर की गई थी।

### उम्र के अंतिम पड़ाव पर रस्किन बांड ने खुद पर लिखी कहानी

देहरादून। जाने माने अंग्रेजी लेखक रस्किन बांड ने खुद के जीवन पर लिखी कहानी को एक किताब के रूप में प्रकाशित किया है। 'द हिल्स ऑफ एंचेंटमेंट का उन्होंने मसूरी में मंगलवार को विमोचन किया। 90 साल के हो चुके रस्किन बांड ने 1951 में पहली कहानी लिखी थी और इसके बाद से वह लगातार लिखते आ रहे हैं। एलएफ प्रकाशन से प्रकाशित द हिल्स ऑफ एचेंटमेंट (जादू की पहाड़ी) पुस्तक के विमोचन मौके पर रस्किन बांड ने अपने पाठकों को शुभकामनाएं भी दी। रस्किन बांड देश के ऐसे अंग्रेजी लेखक हैं जो सबसे अधिक पढ़े जाते हैं। उम्र के अंतिम पड़ाव में भी पाठकों के लिए लिख रहे हैं। एक लेखक के रूप में अपने अनुभवों और जीवन में घटित घटनाओं को अपनी पुस्तक में स्थान दिया है। वह कहते हैं सुंदर पहाड़ों, एकांत माहौल, घर की खिड़की से देखने वाली फेयरी हिल ने उनके कार्य का प्रभावित किया। रस्किन बॉड ने कहा कि वह जो भी लिखते है वह अपने जीवन से जुड़े अनुभवों पर ही लिखते हैं, जिसे पाठक पसंद करते हैं। यही बात उन्हें इस उम्र में भी लिखने के लिए प्रेरित करती है। वह कहते हैं उनकी पहली कहानी 1951 में स्टेट वीकली में छपी थी, उसके बाद से लिखना कभी रुका नहीं। उन्होंने पुस्तक विमोचन के मौके पर अपने पाठकों के लिए शुभकामनाएं दी, कहा कि सभी खुश रहे, पूरे विश्व में खुशी रहे। इस मौके पर एलएफ प्रकाशन के डेविड देवीधर ने कहा कि रस्किन बॉड के साथ लंबे समय से रिश्ते हैं, जब वे जवान थे तब से उनकी पुस्तकों का प्रकाशन कर रहे है। इस पुस्तक में भी उन्होंने अपने जीवन से जुड़े किस्सों को लिखा है। कहा कि आज पाठकों के पास कई तरह के विकल्प हैं, लेकिन फिर भी पुस्तकें पढ़नी चाहिए, पुस्तकें पढ़ने से ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने नये लेखकों को संदेश दिया कि वे अच्छा लिखते रहें, अच्छी पुस्तकें पढ़े। इस मौके पर क्रेंब्रिज बुक डिपो के सुनील अरोड़ा समेत अन्य मौजूद रहे।